जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 30
दिनांक 15.02.2024

.   .

कृषि अर्थशास्त्रियों के लिये कार्यशाला मील पत्थर का साबित होगी– डॉ. प्रमोदिता सतीश

जनेकृविवि में कृषि अर्थशास्त्रियों की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

जबलपुर 15 फरवरी, 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कृषि आर्थिक अनुसंधान केन्द्र मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ केन्द्र के तत्वाधान में देशभर में किसानों की कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं और तय किये गये अध्ययनों एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर विचार–विमर्श करने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला, एईआर अनुभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली की सलाहकार डॉ. प्रमोदिता सतीश के मुख्यआतिथ्य एवं जनेकृविवि के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यअतिथि की आसंदी से सलाहकार डॉ. प्रमोदिता सतीश ने अपने उद्बोधन में कहा कि देशभर के कृषि अर्थशास्त्रियों के लिये यह कार्यशाला मील का पत्थर साबित होगी। 2023–24 के लिये देशभर के कृषि अर्थशास्त्री जो कार्ययोजना तैयार की है और आगे कार्य किये जायेंगे, इस कार्यशाला में ऐसे अध्ययनों को शामिल कर उनमें विचार–विमर्श किया जा रहा है। ताकि आगे की कार्ययोजना तैयार की जा सके और उस आधार पर कृषि अर्थशास्त्री कार्य कर सकें। विशेषकर कार्यप्रणाली एवं प्रश्नावली पर विशेष बल दिया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह कार्यशाला प्रदेश एवं देश के कृषि अर्थशास्त्रियों के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में विभिन्न बिंदुओं पर विचार–विमर्श और मंथन किया जा रहा है। जिससे देश के किसानों के हित में कार्ययोजना बनाकर बेहतर कार्य किया जा सकेगा।

कृषि आर्थिक अनुसंधान केन्द्र मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ केन्द्र के डायरेक्टर डॉ. दीपक राठी ने स्वागत उद्बोधन एवं दो दिवसीय कार्यशाला के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला में देशभर के विभिन्न केन्द्रों से शामिल डायरेक्टर एवं कृषि वैज्ञानिकों ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अपनी कार्ययोजना को प्रस्तुत किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्यअतिथि एईआर अनुभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली की सलाहकार डॉ. प्रमोदिता सतीश को शाल, श्रीफल, मोमेन्टो के रूप में श्रीराम मंदिर भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा को भी शाल, श्रीफल, मोमेन्टो देकर स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. अनुपमा वर्मा और आभार प्रदर्शन कृषि आर्थिक अनुसंधान केन्द्र मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ केन्द्र के डायरेक्टर डॉ. दीपक राठी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ.एस. के. पांडे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, आईएबीएम के डायरेक्टर डॉ. मोनी थॉमस, लेखानियंत्रक श्री डी.आर.महोबिया, डॉ. आर.एस. रघुवंशी, डॉ.आर.के. नेमा, डॉ. गौरव वाणी सहित बड़ी संख्या में अर्थशास्त्री उपस्थित रहे।